## भातरा के सीबीईओ बनने पर शिक्षकों ने किया स्वागत



राजस्थान की राजनीति

**नदबई।** राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम ब्लाक कार्यकारिणी नदबई की ओर से ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह जिलेदार के नेतृत्व में नवनियुक्त सीबीआई सुरेश चंद्र भतरा का स्वागत सम्मान किया गया। सीबीईओ को भातरा ने शिक्षकों के कार्यों का समय पर निस्तारण करने का भरोसा दिलाया। साथ ही शिक्षा की गुणवत्ता पर बल दिया। उधर महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में प्रिंसिपल रामबाबू शर्मा के नेतृत्व में स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम के ब्लॉक अध्यक्ष जिलेदार एवं ब्लॉक नदबई के सभी शिक्षकों ने सुरेश चंद भातरा को सीबीईओ बनाए जाने पर, स्थानीय विधायक कुँ0 जगत सिंह का हार्दिक आभार एवं अभिनंदन व्यक्त किया गया। सभी शिक्षकों में स्थानीय विधायक सिंह की अनुशंसा पर सुरेश चंद्र भतरा को उपखंड शिक्षा अधिकारी बनाए जाने पर खुशी एवं हर्ष की लहर है। इस अवसर पर यादव चंद लवानियां हरीश चौधरी, राम विजय,अंकुर जिंदल सुरेश, पूनम चतुर्वेदी अशोक लवानियां, नंदकिशोर उपाध्याय, कपिल लवानियां,हनुमान गुर्जर, जगमोहन, नंदलाल, अतरसिंह, रामकरण मीणा, चांदराम, टीकाराम, हरिसिंह, पवन शर्मा, भूपसिंह, अभिषेक जैन, दिनेश शर्मा, रामेश्वर सैनी, हरि मोहन मीणा,विष्णू भगवान आदि मौजूद रहे।

## जिला ताईक्वांडो चैंपियनशिप 11 मई को जयशंकर टाईगर क्लब में होगी आयोजित

राजस्थान की राजनीति

**भरतपुर।** ताइक्कांडो फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के मार्गदर्शन में एवं राजस्थान ताइक्कांडो एसोसिएशन के तत्वाधान में ऑफिशल जिला ताइक्कांडो कैडेट एवं जूनियर चैम्पियनशिप एवं चयन ट्रायल का आयोजन भरतपुर ताइक्कांडो संघ द्वारा किला स्थित जयशंकर टाईगर जूडो कराटे क्लब में 11 से 12 मई को किया जावेगा। रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया टाईगर क्लब में प्रारंभ हो गई है खिलाड़ी एक फोटो, आधार कार्ड की प्रतिलिपि एवं मार्कशीट की प्रतिलिपि के साथ टाईगर क्लब में एवं अधिक जानकारी के लिए 7597045555 नंबर पर संपर्क करें। भरतपुर ताइक्कांडो संघ सचिव और एन आई एस कोच दीप्ति शर्मा ने बताया कि कैडेट एवं जूनीयर आयु के बालक बालिकाओं की 33 कि.ग्रा, 37 कि.ग्रा, 41कि.ग्रा, 45 कि.ग्रा, 48 कि.ग्रा, 51कि.ग्रा, 55 कि.ग्रा 59 कि.ग्रा., 63 कि.ग्रा., 68 कि.ग्रा, 73 कि.ग्रा., 78 कि.ग्रा., एवं ओवर 78 कि.ग्रा. में खिलाडियों का चयन किया जायेगा। ताइक्कांडो संघ अध्यक्ष पवन पाराशर ने बताया कि चयनित खिलाडी पन्द्रह दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर पश्चात मई के अन्तिम सप्ताह को होने वाली राजस्थान राज्य स्तरीय ताइक्कांडो चैम्पियनशिप-2024 में भाग लेंगे। खिलाडियों को इण्डियन ताइक्कांडो फैडरेशन के कॉलीफायड रैफरी, जज एवं प्रशिक्षकों द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा। टाईगर क्लब के सचिव पीयूष जयशंकर टाईगर ने कहा कि टाईगर क्लब विगत 40 वर्षो से मार्शल आर्ट की सेवाएं किला स्थित नेहरू पार्क के पास निरंतर दे रहा है एवं जो भी प्रतियोगिता यहां आयोजित होती है वह सब राजस्थान सरकार एवं भारत सरकार से मान्यता प्राप्त सर्टिफिकेट प्राप्त होते हैं।

10 भर्तियों को लेकर कर्मचारी चयन बोर्ड की सख्ती

## योग्यता के बिना फॉर्म भरा तो दर्ज होगी एफआईआर, 2 मई तक आवेदन वापस लेने का मौका




राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग की तर्ज पर अब राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने भी बिना योग्यता भर्ती के लिए आवेदन करने वालों पर सख्ती प्रारंभ कर दी है। बोर्ड ने वर्तमान में चल रही 10 भर्तियों में शैक्षणिक योग्यता या संबंधित प्रमाण पत्र के बिना आवेदन करने वालों पर एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी की है। इससे पहले बोर्ड ने अयोग्य अभ्यर्थियों को आवेदन वापस लेने का मौका दिया है। बोर्ड का कहना है कि भर्ती के लिए उल्लेखित शैक्षणिक योग्यता या संबंधित प्रमाण पत्र नहीं होने के बावजूद भी ऑनलाइन आवेदन कर दिया है या गलत सूचना अंकित कर दी है तो ऐसे आवेदकों को अपना आवेदन वापस लेने का प्रावधान किया गया है। ऐसे आवेदक 26 अप्रैल से 2 मई तक एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर अपना आवेदन वापस ले सकते हैं। इस छूट के बावजूद अगर किसी ने भर्ती में अयोग्य होते हुए भी आवेदन वापस नहीं लिया तो पात्रता जांच के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि इससे पहले आरपीएससी ने कॉलेज व्याख्याता भर्ती में भी ऐसे अयोग्य अभ्यर्थियों की पहचान की थी और उन्हें आवेदन वापस लेने का मौका दिया था। इसके बाद अब आयोग अपनी हर भर्ती में इस तरह का प्रावधान लागू कर रहा है।

### इन भर्तियों की योग्यता नहीं तो आवेदन वापस लेना होगा

बोर्ड ने 10 भर्तियों की विज्ञप्ति में संशोधन जारी किया है। इसमें बिना योग्यता आवेदन करने वालों को आवेदन वापस लेने का प्रावधान लागू किया गया है। बोर्ड ने पशु परिचर भर्ती, पर्यवेक्षक महिला अधिकारिता भर्ती, छात्रावास अधीक्षक ग्रेड द्वितीय भर्ती, पर्यवेक्षक महिला आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भर्ती, छात्रावास अधीक्षक अल्पसंख्यक मामलात भर्ती, पर्यवेक्षक महिला भर्ती, लिपिक ग्रेड द्वितीय कनिष्ठ सहायक भर्ती, शीघ्र लिपिक भर्ती, कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती (4 ट्रेड), कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती (16 ट्रेड) की संशोधित विज्ञप्ति जारी कर इस प्रावधान को लागू भी कर दिया। इन भर्तियों में अयोग्य होने पर आवेदन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### आवेदन वापस नहीं लेने पर होगी कानूनी कार्रवाई

कर्मचारी चयन बोर्ड के सचिव डॉ. बीसी. बधाल ने बताया कि बोर्ड ने 10 भर्तियों की संशोधित विज्ञप्ति जारी की है। वांछित योग्यता नहीं होने, गलत सूचना अंकित करने के बावजूद भी निर्धारित अवधि में आवेदन पत्र वापस नहीं लेने वाले अभ्यर्थियों के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सोने के आभूषण चोरी के मामले में भवानीपुरा सरपंच की अगुवाई में प्रतिनिधि मंडल दबलाना थाना अधिकारी से मिला

राजस्थान की राजनीति




**दबलाना/सुरेंद्र गौतम।** निजी बस की छत पर 21 अप्रैल को रखे बैग में से सोने के जेवरात गायब होने के 23 अप्रैल को दर्ज मामले में जेवरात निकाल कर ले जाने वालों का पता लगाकर पकड़ने की मांग को लेकर के सरपंच श्याम बाबू कर्मावत की अगवाई में गुरुवार को शंकरपुर कंजर बस्ती के ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल दबलाना थाना अधिकारी से मिला। गौरतलाब है कि 21 अप्रैल को सोम धनावत 34 पुत्र अजब सिंह कंजर निवासी मोती झील बदनाका पुरा थाना पुरानी छावनी जिला ग्वालियर मध्य प्रदेश 21 अप्रैल को स्वयं की माता व दो बहनों के साथ शंकरपुर कंजर बस्ती में विवाह समारोह में शामिल होने के लिए बूंदी मीरा गेट पहुंचा। जहां एक निजी बस लगी थी। शंकरपुर जाने की जानकारी जब निजी बस कंडक्टर से ली तो कंडक्टर ने कहा कि सामानो को बस की छत पर रख दो और आप लोग बस में बैठ जाओ। बेग को अपने पास ही रखकर बैठने की बात कहने के बावजूद भी कंडक्टर ने सामानों को छत पर रखवाया तथा हमें बस के अंदर बिठाया गया। बस से शंकरपुरा चौराहे पर उतर करके सामानों को लेकर शंकरपुरा कंजर बस्ती निवासी परिजन हरिराज पुत्र अंबालाल के घर पहुंचे। कुछ देर बाद बेग खोल करके देखा तो उसमें रखी गई दश तोला सोने की चैन, छ तोला सोने का ग्लास, दो तोला सोने की दो नथ, 4 तोला सोने की चार अंगूठी, 40 तोला सोने के दो हार के सेट इस प्रकार से कुल 62 तोला सोने के आभूषण गायब मिले। इस आशय का मामला पुलिस ने 23 अप्रैल को दर्ज किया। सरपंच श्याम बाबू कर्मावत की अगवाई में मिले प्रति निधि मंडल ने थाना अधिकारी से मांग की है कि बेग में से सामानों को निकाल कर ले जाने वालों का पता लगा करके आभूषणों की बरामद की कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए । प्रतिनिधि मंडल में सरपंच सहित फरियादी सोम धनावत, हरी राज, देवराज, फोरू, प्रकाश, शिवराज आदि सहित कई महिलाएं भी शामिल थी । थाना अधिकारी मनोज सिंह सिकरवार ने कहा कि बेग के ताला नहीं लगा हुआ था। बूंदी मीरा गेट बस स्टैंड व उसके आसपास के दुकानदारों से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस गंभीरता से जांच में जुटी हुई है।

71 लाख लूटकर भागे थे,अब चलने लायक नहीं बचे बदमाश

## जयपुर में पुलिस से बचने के लिए सड़क से 20 फीट नीचे कूदे, तीन गिरफ्तार

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** जयपुर में ग्राम विकास अधिकारी से 71 लाख रुपए लूटने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इन तीनों ने ही लूट की वारदात को अंजाम दिया था। गिरफ्तार आरोपियों में हिस्ट्रीशीटर रवि पंडित, सुरेंद्र जाट और मुकेश सामोता शामिल है। इन्हें रिंग रोड के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस जैसे ही तीनों को पकड़ने पहुंची उन्होंने रिंग रोड से 20 फीट नीचे छलांग लगा दी। इसलिए टांगे टूट गई।

दरअसल, आरोपी बची हुई 20 लाख रुपए की राशि को छुपाकर उदयपुर के कैथून फरार हो गए थे। फिर गुरुवार को कैश लेने वापस जयपुर आए थे। कैश लेकर बदमाश राजस्थान छोड़कर फरार होने की फिराक में थे। इस दौरान मानसरोवर थाने के स्पेशल टीम के हैड कॉन्स्टेबल भीम सिंह को बदमाशों के रिंग रोड के पास होने की सूचना मिल गई।

सूचना के बाद पुलिस रिंग रोड के पास बदमाशों का पीछा किया। पुलिस से बचने के लिए बदमाश रिंग रोड से 20 फीट नीचे कूदकर भागने लगे। पुलिस की टीम ने करीब एक किलोमीटर तक पीछा गया। इस दौरान पुलिस और गडढों में गिरने से टांग टूट गई। पुलिस घायल अवस्था में तीनों आरोपियों को पकड़ कर ले आई। उन्हें जयपुरिया अस्पताल में भर्ती कराया।

### आरोपियों को लगा था पीड़ित केस दर्ज नहीं करवाएगा

प्राइमरी पूछताछ में सामने आया कि तीनों आरोपियों को एक अन्य शख्स देवेंद्र जांगिड़ के पास 71 लाख रुपए की हवाला राशि होने की जानकारी मिली थी। सूचना देने वाले ने बताया था कि देवेंद्र जांगिड़ रुपए लूटे जाने के बाद थाने में कोई एफआईआर दर्ज नहीं करवाएगा। ऐसे में पल-पल की अपडेट मिलने के बाद बदमाशों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर डकैती की वारदात को अंजाम दिया।

### तीन लोग अभी भी फरार

हालांकि मामले में अभी तीन अन्य आरोपी अभी भी फरार चल रहे हैं। वहीं अभी भी पुलिस पैसों की सूचना देने वाले उसे शख्स के बारे में जानकारी जुटा रही है। जिस ने परिवादी के पास 71 लाख रुपए होने की पूरी जानकारी दी थी।

### क्या है मामला

दरअसल, 23 अप्रैल की शाम करीब 6.30 बजे एक ग्राम विकास अधिकारी (बीडीओ) देवेन्द्र जांगिड़ से जयपुर के मुहाना इलाके में 71 लाख रुपए लूट लिए गए थे। बदमाश ब्लैक स्कॉर्पियो में सवार होकर आए थे। पीड़ित की कार को रोका। फिर बदमाशों ने बेसबॉल बैट से हमला कर दिया था। घबराकर देवेंद्र और उसके साथी कार से उतर गए। बदमाशों ने देवेंद्र के पैर और सिर पर डंडे से हमला कर दिया था। इसी दौरान दूसरे बदमाश ने देवेंद्र की कार में रखे हुए रुपयों से भरे बैग लेकर भाग गए थे।

### तीन पहले हो चुके गिरफ्तार

मामले में आरोपियों की मदद करने वाले तीन लोगों को 24 अप्रैल को गिरफ्तार किया था। तीनों आरोपियों गोपाल जाट, बद्रीनारायण और संजय से लूटी गई रकम में से 48 लाख 90 हजार रुपए और कार को जब्त की गई थी।

फोन नहीं उठाने पर जयपुर में महिला की हत्या

## आरोपी ने 3 बार किया था कॉल, शराब के नशे में गला दबाकर मार डाला

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** जयपुर में घर में घुसकर महिला की हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी और मृतका के बीच काफी समय से संबंध थे। वारदात वाले दिन आरोपी महिला के घर जा रहा था तो उसने कई बार महिला को फोन किया, लेकिन महिला ने फोन नहीं उठाया। इससे नाराज आरोपी ने महिला के घर पर पहुंचकर झगड़ने लगा। इस दौरान झगड़ा इतना बढ़ गया कि उसने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। मामला बगरू थाना इलाके का है।

### घर में बेड पर मिली थी महिला की लाश

एसीपी बगरू आमिर हसन ने बताया कि बारवाल की ढाणी लोहरवाडा वेदांत सिटी निवासी हीरा देवी (51) पत्नी भीम सिंह अपने बेटे-बहू के साथ रहती थीं। 20 अप्रैल को बेटा सतीश पत्नी और बच्चों के साथ अजमेर शादी में गया था।

21 अप्रैल को रात करीब 10:40 बजे सतीश ने मां हीरा देवी को फोन किया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। इस पर उसने बड़े भाई मांगीलाल को फोन कर भांजे पुलकित को घर भेजने के लिए कहा। भांजा पुलकित और चचेरी बहन माया और मौसी की लड़की अंजली घर पहुंचे। घर का गेट अंदर से बंद था और लाइट भी बंद थी। काफी आवाज लगाने के बाद भी मां हीरा देवी ने जवाब नहीं दिया। अनहोनी की आशंका पर गेट की कुंदी तोड़कर घर के अंदर गए तो एक कमरे में बेड पर हीरादेवी की लाश पड़ी थी।



राजकुमार, आरोपी | हीरा देवी, मृतका

### मृतका के गले पर थे चोट के निशान

इस पर पुलकित और परिवार के दूसरे सदस्यों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। इस पर आस-पास के लोग भी इकट्ठा हो गए। मर्डर की सूचना पर बगरू थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और मकान का मुआयना किया। हीरा देवी के गले पर चोट के निशान थे और पास ही में तकिया पड़ा हुआ था। पुलिस ने शव को बगरू सीएचसी की मॉर्च्युरी में रखवाया और परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। इस दौरान कुछ लोगों ने नशेड़ी प्रवृत्ति वाले राजकुमार उर्फ राजेश छीपा (35) निवासी बगरू को घर के पास घूमते देखा तो पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

### महिला के फोन पर थी आरोपी की मिस कॉल

एसीपी बगरू ने बताया- मृतका के मोबाइल की जांच में सामने आया कि उसके मोबाइल पर अंतिम तीन मिस कॉल राजकुमार छीपा की थी। जब राजकुमार से इस बारे में पूछताछ की गई तो उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया। आरोपी ने बताया कि उसके और मृतका हीरा देवी के बीच काफी समय से संबंध थे। दोनों का घर 1 किलोमीटर की दूरी पर है। मृतका के घर पर कोई नहीं होने के कारण वह रात को उसके पास जाने वाला था। दोनों में इसको लेकर बात हुई थी तो हीरा देवी ने कहा कि वह बाइक को घर पर खड़ी करके 4 रोटी लेकर आ जाए।


आरोपी ने बताया कि मैंने अपनी बाइक घर पर खड़ी की और हीरा देवी को फोन किया, लेकिन उसने फोन नहीं उठाया। इस पर उसे गुस्सा आ गया था। उसने हीरा देवी के घर पर जाकर झगड़ा किया। इस पर विवाद बढ़ने पर उसने हीरा देवी का गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद उसने घर की सभी लाइटें बंद कर दी और अंदर से लॉक कर दिया था, ताकि किसी को शक नहीं हो। इसके बाद छत पर पहुंचा और कूदकर बाहर निकल गया। इस दौरान लोगों के इकट्ठा होने पर वह घर के पास छुप गया था।

### हत्यारा सुबह से पी रहा था शराब

गिरफ्तार आरोपी राजकुमार छीपा ने बताया कि वह सुबह से शराब पी रहा था। नशे में होने और गुस्से में होने के कारण उसने गला दबाकर हीरा देवी की हत्या कर दी। एसीपी ने बताया कि राजकुमार के खिलाफ बगरू थाने में पहले भी एनडीपीएस और शराब बेचने के कई मामले दर्ज हैं। मृतका के साथ आरोपी के संबंधों कीक स्थानीय लोगों ने भी पुष्टि की है।

## सरकारी कर्मचारी का बैलेट पेपर वायरलः निर्वाचन विभाग जांच में जुटा, डूंगरपुर जिले में कार्यरत कार्मिक का है पेपर

राजस्थान की राजनीति



**बांसवाड़ा।** बांसवाड़ा डूंगरपुर लोकसभा सीट पर मतदान शुक्रवार सुबह से होना है। लेकिन गुरुवार देर शाम एक सरकारी कार्मिक का बैलेट पेपर वायरल हो गया। जिसमें साफ तौर पर एक प्रत्याशी विशेष को वोट करने के बाद तीर का निशान बनाकर वोट करने की अपील की गई। जिस कार्मिक ने यह कारस्तानी की उसका बैलेट नंबर 112369 है। इसकी जानकारी बांसवाड़ा जिला प्रशासन के पास पहुंची तो प्रशासन हरकत में आया। तत्काल बैलेट नम्बर से कार्मिक की पहचान करने में जुट गए। हालांकि जो नम्बर बैलेट का है वो बांसवाड़ा जिले का नहीं है। कलेक्टर डॉ इंद्रजीत यादव ने बताया कि यह मैनर्स डूंगरपुर जिले को इश्यू हुआ है। अब तक जो जानकारी सामने आई है उसके अनुसार यह कार्मिक एमबीसी का कोई जवान है। इसकी जानकारी डूंगरपुर कलेक्टर को दी है। वहीं दूसरी ओर डूंगरपुर कलेक्टर अंकित कुमारसिंह ने बताया कि जिसके नाम से यह डाक मतपत्र जारी हुआ है, वह बांसवाड़ा जिले में एमबीसी में कार्यरत है। इसकी जानकारी बांसवाड़ा एसपी को दी है। इस पर कार्रवाई उनके स्तर पर होगी।

राजस्थान में कार ने 11 लोगों को कुचला

## तीन की मौत, 8 घायल; सड़क किनारे सो रहा था परिवार

कानून व्यवस्था



**दौसा।** दौसा जिले के महवा कस्बे में बेकाबू कार ने सड़क किनारे सो रहे 11 लोगों को कुचल दिया। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 8 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। 2 घायलों का महवा के सरकारी हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है, जबकि गंभीर रूप से जख्मी 6 लोगों को जयपुर रेफर किया गया है। हादसा गुरुवार की रात करीब सवा ग्यारह बजे हुआ है। सभी मृतक व घायल खानाबदोश परिवार के लोग थे, जो टीकाराम पालीवाल गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के पास सड़क किनारे झुग्गी में रहते थे। पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है।

### देर रात मिली पुलिस को सूचना

हेड कॉन्स्टेबल बृजकिशोर ने बताया- रात करीब 11.20 बजे घटना की सूचना पुलिस को मिली थी। फौरन पुलिस मौके पर पहुंची। जांच में सामने आया कि तेज रफ्तार हुंडई औरा कार के ड्राइवर ने तेज गति और लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए सड़क किनारे सो रहे लोगों को कुचल दिया है। हादसे में घायलों को राजकीय जिला चिकित्सालय महवा ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने राजू (50) पुत्र पपैया, परी (6) पुत्री दिलीप और अठौड़ी (60) पत्नी पपैया निवासी महवा (दौसा) को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल जग्गा (40) पुत्र पपैया, शनि (13) पुत्र दीपक, शेरू उर्फ मोनू (11) पुत्र प्रहलाद, काजल (30) पत्नी दीपक निवासी महवा (दौसा), दिलीप (28) पुत्र डब्बा, सीमा (25) पत्नी दिलीप निवासी लक्ष्मणगढ़ (अलवर ) को जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल रेफर किया गया है। उगन्ता देवी (40) पत्नी पन्ना और प्रिया (7) पुत्री सतीश निवासी महवा (दौसा ) का महवा के सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### हादसे के बाद फरार हो गया ड्राइवर

हेड कॉन्स्टेबल ने बताया कि हादसे के बाद ड्राइवर कार को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को कब्जे में ले लिया है। क्रेन की मदद से गाड़ी को थाने लाया गया। पुलिस आरोपी ड्राइवर की तलाश कर रही है।

### देर रात विधायक पहुंचे

घटना की सूचना पर गुरुवार की देर रात महवा विधायक राजेंद्र मीणा हॉस्पिटल पहुंचे। उन्होंने डॉक्टरों से घायलों का हालचाल जाना। थाना इंचार्ज जितेंद्र सोलंकी को कार ड्राइवर के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए कहा।

मुहाना मंडी फेज-2 शिफ्ट करने का मामला

## आज व्यापारियों के साथ अंतिम बैठक, नहीं माने तो लाइसेंस निरस्त किए जाएंगे



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** मुहाना मंडी के फेज-2 के ट्रेड को शुरू करने के लिए शुक्रवार को मंडी समिति एक बार फिर व्यापारियों के साथ फाइनल बैठक करेगी। यह बैठक सुबह 11 बजे से मंडी समिति कार्यालय में शुरू होगी। मंडी की ओर से व्यापारियों को सभी मूलभूत सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। इस बैठक के बाद व्यापारी माने तो ठीक नहीं तो उनको अंतिम चेतावनी के साथ ट्रेड शिफ्ट करने के लिए समय नहीं दिया जाएगा। क्योंकि नियमानुसार 2 साल में व्यापार शुरू करना होता है। अब 15 साल से भी ज्यादा का समय बीत चुका है। ऐसे में उन्हें अब शिफ्ट करना ही होगा। मंडी समिति ने पहले 75 व्यापारियों को नोटिस दिया था। अब इस बैठक के बाद अगर व्यापारी शिफ्ट नहीं हुए तो लाइसेंस निरस्त की कार्रवाई की जाएगी। अब तक की बैठक में व्यापारी मंडी समिति से फेज-2 में शिफ्ट के लिए मूलभूत सुविधाओं की मांग करते थे। ऐसे में मंडी प्रशासन की ओर से सी, डी, ई और एफ ब्लॉक में लाइट, पानी और खुली नालियों को ढकवाने के साथ सड़क निमार्ण का काम करा दिया है। जिस ब्लॉक में डोम की व्यवस्था नहीं है, वहां पर डोम लगवाने के लिए विभाग को पत्र लिखा था। विभाग की ओर से मंडी के इन चारों ब्लॉक का निरीक्षण हो चुका है। जल्द ही बजट मिलने के बाद डोम भी लगा दिया जाएगा। गौरतलब है कि पिछले 6 महीने से मुहाना मंडी फेज-2 के व्यापारियों को शिफ्ट करने का प्रयास किया जा रहा है। व्यापारी एक जुट हुए और शिफ्ट का भी सिलसिला शुरू हुआ था, लेकिन शिफ्ट का क्रेडिट लेने की होड में व्यापारियों के दो फाड हो गए। एक पक्ष ने डिप्टी सीएम के साथ 14 फरवरी को शिफ्ट कर लिया। इसके बाद कुछ व्यापारियों ने 21 फरवरी को शिफ्ट कर लिया। संपूर्ण रूप से ट्रेड शिफ्ट नहीं होने के कारण शिफ्ट हुए व्यापारी वापस लौटने की कवायद शुरू कर चुके है। ऐसे में अब उन्हें रोकन और बाकी के व्यापारियों को आने वाली परेशानियों पर चर्चा के लिए बैठक होगी।

एक्शन मोड में परिवहन आयुक्त

## सेंटर पर आए बिना वाहन का पॉल्यूशन सर्टिफिकेट जारी, तीन सेंटर निलंबित

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** बिना सेंटर पर आए कबाड़ वाहनों का पॉल्यूशन सर्टिफिकेट जारी करने के मामले में परिवहन विभाग एक्शन मोड में आ गया है। अधिकारियों ने सेंटर पर बिना आए वाहनों की पॉल्यूशन सर्टिफिकेट जारी करने वाले तीन पॉल्यूशन सेंटरों को निलंबित कर दिया है। वहीं आरटीओ-डीटीओ से 15 मई तक सभी पॉल्यूशन सेंटरों की जांच करके रिपोर्ट मांगी है।

यह आदेश परिवहन आयुक्त डॉ. मनीषा अरोड़ा ने जारी किए हैं। सेंटर पर आए बिना वाहन पॉल्यूशन स?र्टिफिकेट जारी करने पर चित्तौड़गढ़ में छोटी सादड़ी स्थित पायल पीयूसी सेंटर, चित्तौड़गढ़ में ही प्रतापगढ़ स्थित वीएसएस सेंटर को निलंबित कर दिया है। ये सेंटर अब वाहनों के पॉल्यूशन सर्टिफिकेट जारी नहीं कर सकेंगे। 2500 सेंटरों की 15 मई तक देनी होगी रिपोर्टः बिना आए वाहनों की पीयूसी जारी होने के बाद परिवहन आयुक्त ने प्रदेश में स्थापित 2500 सेंटरों की जांच करके 15 मई तक रिपोर्ट मांगी है। रिपोर्ट में अनियमितता मिलने वाले सेंटर के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसमें पीयूसी में लगे सॉफ्टवेयर की जांच होगी। सेंटर कितने वाहनों की अब तक पीयूसी जारी कर चुके हैं। पीयूसी जारी होने वाले वाहन का वीडियो भी लेना होता है। यह सेंटर के पास उपलब्ध है या नहीं। वहीं सेंटर प्रदूषण स्तर निर्धारित मापदंड से अधिक होने पर भी प्रदूषण प्रमाण-पत्र क्यों जारी किया गया? स्मोक मीटर सही काम कर रहा है या नहीं। पीयूसी की निर्धारित फीस से अधिक तो नहीं वसूल रहे हैं। इनमें कई ऐसे वाहन थे चालू भी नहीं हो सकते थे, मगर उनके भी पॉल्यूशन सर्टिफिकेट जारी कर दिए गए। दो महीने पहले पीयूसी सेंटरों पर रील का सॉफ्टवेयर स्थापित था, लेकिन अब विभाग ने एनआईसी का सॉफ्टवेयर लागू कर दिया। सॉफ्टवेयर में खामी होने की वजह से बिना आए वाहनों की पीयूसी जारी हो रही है।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से बुजुर्ग की मौत, पशुओं के लिए चारा लेने गया था, सड़क क्रॉस करते समय हादसा




**धौलपुर**

धौलपुर के सरमथुरा थाना क्षेत्र में बुधवार रात राष्ट्रीय राजमार्ग 11 बी पर बड़ागांव के पास एक बुजुर्ग को कार ने टक्कर मार दी। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायल बुजुर्ग को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान बुजुर्ग की मौत हो गई। पुलिस ने शव को अस्पताल की मॉर्चुरी में रखवा दिया। थानाप्रभारी गौरव कुमार ने बताया कि हाईवे पर बड़ागांव के पास कार ड्राइवर ने तेज गति में कार दौड़ते हुए सड़क पार कर रहे सैजाद (65) पुत्र खैराती निवासी वैदल पाड़ा सरमथुरा को टक्कर मार दी। हादसे में बुजुर्ग गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने घायल को सरमथुरा अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक का पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। मुस्लिम समाज अध्यक्ष भुट्टो खान ने बताया कि मृतक परिवार में अकेला था जो ड्राइवर और पशुपालन कर परिवार का भरण पोषण करता था। उन्होंने बताया कि मृतक पशुओं के लिए चारा लेने गया था। चारा काटने के बाद सड़क पार करते समय हादसा हो गया। हादसे को लेकर थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है। मृतक के परिजनों ने पुलिस थाने में कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई है। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

## ड्राई-डे में शराब बिक्री करने पर सेल्समैन गिरफ्तार

**बाड़मेर**

बालोतरा जिले की डीएसटी और पचपदरा पुलिस टीम ने ड्राई-डे के दिन शराब बिक्री के खिलाफ कार्रवाई की है। इसमें एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं, 46 कार्टन अवैध शराब के जब्त किए है। शराब की कीमत 1.35 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि पचपदरा में आवंटित सरकारी दुकान की गोदाम में अवैध रूप से शराब का स्टॉक कर शराब बिक्री कर रहे है। इस पर बालोतरा डीएसटी व पचपदरा पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दबिश दी। लोकसभा को मद्देनजर ड्राई-डे होने के बावजूद शराब की ब्रिकी की जा रही थी। इस पर पुलिस टीम ने अलग-अलग ब्रांड की शराब व बीयर के कार्टन जब्त किए। एक आरोपी राजुसिंह पुत्र महेशदान निवासी बेह चारणान पुलिस थाना ओसियां जिला जोधपुर ग्रामीण को गिरफ्तार किया है। पचपदरा थानाधिकारी अमराराम के मुताबिक ड्राई-डे के दिन से पहले रात में शराब ठेकों को सील करने के बाद पता चला कि पवन खारवाल के घर पर शराब ठेका संचालित होता है। ठेके के सेल्समैन की ओर से ठेके को सील करने से पूर्व शराब के कार्टन पीछे गोदाम में रख ली थी। जो बिक्री के लिए उपलब्ध करवा रहे है। गोदाम में दबिश दी गई तो वहां से 46 कार्टन शराब बरामद की गई है। सेल्समैन राजुसिंह को गिरफ्तार किया है। मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। कार्रवाई



## वायु सेना का टोही विमान जैसलमेर में हुआ क्रैश, शहर से 30 किमी दूर जाजिया गांव के पास गिरा

जैसलमेर जैसलमेर से 30 किमी दूर भारतीय वायुसेना का एक टोही विमान क्रैश हो गया। हादसा गुरुवार सुबह 10 बजे के करीब पिथला-जाजिया गांव के पास भोजाणियों की ढाणी के पास हुआ। हालांकि हादसे में किसी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं है। घटना की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन के साथ वायुसेना के अधिकारी मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंची। वायुसेना के अधिकारी क्रैश के कारणों की जांच कर रहे हैं। अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक यह यूएवी एयर क्राफ्ट है जो मानव रहित होता है और बॉर्डर एरिया पर हो रही गतिविधियों पर नजर रखने के काम आता है। यह बॉर्डर एरिया में लगातार घूमता है और निगरानी करता है। इससे पहले भी ये क्राफ्ट तकनीकी खामी के चलते क्रैश हो चुके हैं। यूएवी टोही विमान एक सैन्य विमान है। इसे इमेजरी इंटेलिजेंस, सिग्नल इंटेलिजेंस, साथ ही अन्य खुफिया जानकारियां जुटाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। 2 साल पहले 2024 जैसलमेर में भारतीय वायुसेना का टोही विमान शहर के पास स्थित कॉलोनी के पास सुनसान इलाके में क्रैश हो गया था। हालांकि प्लेन क्रैश से कोई हताहत नहीं हुआ। इस विमान का वजन लगभग 150 किलो था। बताया गया कि यूएवी लैंड कर रहा था, लेकिन समय से पहले ही वह सुनसान इलाके में गिर गया।

## तारों से चिंगारी निकल कर ईंधन के ढेर पर गिरी, आग लगने से गांव में मची अफरा-तफरी

**भरतपुर**

डीग जिले के कामां थाना इलाके में एक बड़ा हादसा होने से टल गया। बिजली के तारों से चिंगारी निकलकर ईंधन के ढेर में जा गिरी। जिससे गोबर के कंडें व सूखी लकड़ियों के ईंधन में आग लग गई। आग की लपटों से गांव में अफरा तफरी मच गई। सीकरी से दमकल की गाड़ी बुलाई गई। करीब 30 मिनट में आग पर काबू पाया गया। हासम, अनीस, न्याजू, हाफिज ने बताया कि बिलग गांव के कब्रिस्तान के पास उन्होंने अपना ईंधन इकट्ठा किया हुआ था। वहीं ऊपर से एक 11 केवी बिजली की लाइन जा रही थी। तार आपस में भिड़े और स्पार्किंग हुई। जिससे एक चिंगारी निकलकर ईंधन पर जा गिरी। धीरे-धीरे पूरे ईंधन ने आग पकड़ ली। आग लगने से गांव में अफरा तफरी मच गई। आसपास रखा ग्रामीणों का सामान भी जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने आग की सूचना दमकल की गाड़ियों को दी। आग लगने के करीब 30 मिनट के बाद सीकरी से दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची। तब जाकर आग पर काबू पाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कब्रिस्तान के आसपास ईंधन इकट्ठा किया हुआ था। जिसकी कीमत करीब 1 लाख रुपए थी।



# हर घर में हथियारों से लैस है युवा:एमपी की सीमा पर दो गांवों से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हो रही अफीम-ब्राउन शुगर की तस्करी

**प्रतापगढ़**

मध्यप्रदेश की सीमा पर पहाड़ी पर बसे देवल्दी और नोगांवा। नालेनुमा नदी के दोनों ओर बसा ये गांव है अंतरराष्ट्रीय स्तर के तस्करों का। यहां से न केवल भारत बल्कि पाकिस्तान तक अफीम-ब्राउन शुगर की तस्करी होती है। जिसे यहां घर-घर बनाया जाता है। हर साल एक करोड़ से ज्यादा की अफीम, ब्राउन शुगर देशभर में यहीं से सप्लाई होती है।राजस्थान, मध्यप्रदेश और पंजाब सहित देश के कई प्रदेशों में ड्रग्स की सप्लाई करते हुए जिले के तस्कर गिरफ्तार हो चुके हैं। बॉलीवुड के हाई प्रोफाइल ड्रग्स मामले में भी प्रतापगढ़ से पहले तस्करों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इन तस्करों ने पुलिस से बचने के लिए खुद की टीम बना ली है, जो अवैध हथियारों से लैस है। वर्ष 2000 तक यहां एक भी पुलिस अफसर या जवान नहीं आया। पुलिस ने कई बार कार्रवाई की कोशिश भी की, लेकिन कामयाब नहीं हो पाई। इसके बाद यहां स्थाई पुलिस चौकी बनाई। गांव में हर जगह सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, जहां से हर हलचल की लाइव रिपोर्ट अलग-अलग घरों में बताता है। हर घर में खुफिया रास्ते बने हुए हैं। दो भागों में बसे इस गांव में एक हिस्से में यदि पुलिस दबिश देती है तो यहां रहने वाले लोग खुफिया रास्तों से नाले के दूसरे हिस्से में पहुंच कर आसानी ने निकटवर्ती मध्यप्रदेश की सीमा में चले जाते हैं। भास्कर की टीम इस गांव में पहुंची और जाना कि आखिर क्यों यह गांव अपराधियों का गढ़ बन गया।तस्करी के लिए तैयार इस गांव में पाकिस्तान से आकर बसे सरदार खां अपने ही चार प%यों से तैयार कुनबे से पूरा गांव बसा दिया। देवल्दी के बाद सरदार खान के एक पीढ़ी का डेरान खां देवल्दी से पास के ही नौगांवा गांव में जा कर बस गया और उसने यहां अपने अपराध का अलग ही साम्राज्य तैयार कर लिया। देवल्दी मुख्यत तस्करी के कारोबार का अड़ा है। इसके अलावा डेरान ने तस्करी के साथ साथ अपराध की एक और राह पर भी चलना शुरू कर दिया था। हत्या, फिरौती और सुपारी पर लोगों को मारने का डेरान ने अपना अलग डर लोगों में बनाना शुरू कर दिया था। हांलाकि अब अपराधियों में पुलिस का खौफ बढ़ने लगा है। लेकिन तस्करी का कारोबार अभी भी यह पुलिस से छुप कर करते रहते है। इस देवल्दी और नौगांवा से दाऊद इब्राहिम के राइट हेंड छोटे दाऊद का भी सीधा कनेक्शन है।बताया जाता है कि छोटा दाऊद 2007 तक यहां से जुड़ा हुआ था उसके बाद वो मध्यप्रदेश के उज्जैन गया था और फिर कराची के रास्ते पाकिस्तान चला गया था।



### *रियासतकाल में शुरू हुआ था शराब बनाना, अब खुद ही अफीम से बनाते हैं ब्राउन शुगर*

*दुनियाभर में तस्करी और अवैध धंधों के लिए अपनी पहचान बना चुके देवल्दी और नौगांवा गांव में तस्कर अफीम से खुद ही ब्राउन शुगर तैयार करते हैं। चित्तौड़गढ़ रियासत के समय में तत्कालीन राजा ने देवल्दी को निनावल, बलूचिस्तान और सिंध प्रान्त पाकिस्तान से यहां आए सरदार खान पठान को लगान पेटे दी थी। तब से ही देवल्दी गांव में पठानों का साम्राज्य है।बताया जाता है कि सबसे पहले खेती करने वाले पठान खेती के साथ साथ शराब का कारोबार चलाया करते थे। इसके बाद धीरे धीरे तस्करी का साम्राज्य इस गांव में स्थापित होतो चला गया। फिल्म केजीएफ की तरह पठानों ने भी अवैध कामों का अपना अलग ही गांव बसा लिया।*

## 59 हजार अमरीकी डॉलर की धोखाधड़ी, स्टाफ को डर-धमकाकर राशि हड़पी

**अजमेर**

अजमेर की क्रिश्चियन गंज थाना क्षेत्र में युवक से 59 हजार अमेरिकन डॉलर की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने विदेश में संचालित अपनी कंपनी के एक कर्मचारी पर अन्य कर्मचारियों को डरा-धमकाकर राशि हड़पने का आरोप लगाया है। कंपनी मालिक की ओर से कर्मचारी और उसके माता-पिता के खिलाफ क्रिश्चियन गंज थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस के अनुसार किसान कॉलोनी निवासी मनीष मंगवानी की ओर से थाने पर शिकायत दी गई है। शिकायत में उसने बताया कि सेंट्रल अफ्रीका में उसकी रॉयल फैशन के नाम से कंपनी है। कंपनी में भारत से योग्य उम्मीदवारों को एग्रीमेंट के आधार पर अच्छी सैलरी पर नौकरी देते थे। इस बीच अजय नगर निवासी दिलीप प्रितवानी ने अपनी मां मीना प्रितवानी और पिता हरीश सहित भाई दीपक के निवेदन पर जॉब के लिए अप्लाई किया था। दिलीप को उसके गारंटर जितेंद्र कलवानी पर विश्वास करते हुए 50 हजार मासिक वेतन पर सेंट्रल अफ्रीका में उनकी कंपनी में सेल्समैन मार्केटिंग पद पर नौकरी पर रखा था। पीड़ित ने बताया कि नौकरी पर रखने के बाद दिलीप के पासपोर्ट वीजा और अन्य खर्च के 2 लाख रुपए कंपनी द्वारा भुगते गए। दिलीप को एडवांस 30 हजार भी दिए गए। इसके बाद वह एग्रीमेंट के नियम अनुसार सेंट्रल अफ्रीका में उनकी कंपनी में जाकर ज्वाइन किया था। जहां उसने अन्य कर्मचारी भावेश व पवन के अधीन रहकर कार्य करने लगा। पीड़ित ने बताया कि दिलीप के काम को देखते हुए खुदने और उसके भाई ने उसे फार्म की समस्त जिम्मेदारी दी थी। कंपनी के एटीएम और समस्त अकाउंट की जानकारी भी दिलीप को दी थी। इसी बीच उन्हें सूचना मिली कि कंपनी में नियमित नुकसान हो रहा है। इसके बाद वह फरवरी में टिकट बुक करा कर विदेश अपनी कंपनी चला गया। इसकी जानकारी कर्मचारी दिलीप को मिली तो वह भारत आ गया। पीड़ित ने बताया कि जब वह अपनी कंपनी में पहुंचा तो कर्मचारी भावेश व पवन ने बताया कि दिलीप द्वारा उन्हें डरा-धमकाकर कंपनी में बहुत बड़ा घोटाला किया गया है। वह अपने माता-पिता सहित भाई से लगातार संपर्क में था। कर्मचारी दिलीप के द्वारा अलग-अलग तरीके से धोखाधड़ी करकारी 59 हजार डॉलर की धोखाधड़ी कंपनी के साथ की गई है। जब उन्होंने उसके परिवार से संपर्क किया तो उनके द्वारा दुव्वयवहार किया गया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि कर्मचारी के द्वारा कंपनी के साथ धोखाधड़ी करने के साथ कर्मचारियों को डरा धमकाकर कंपनी की छवि को धूमिल भी किया है। इसकी शिकायत उन्होंने सेंट्रल अफ्रीका में स्थानीय प्रशासन को भी दी है। क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस ने कर्मचारी और उसके माता-पिता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




## 7.67 करोड़ की ठगी, विदेश से जुड़ रहे तार, जांच सीबीआई को सौंप ने की तैयारी

**झुंझुनूं**

झुंझुनूं के पिलानी में महिला प्रोफेसर से हुई 7.67 करोड़ रूपए ठगी के मामले को राजस्थान पुलिस सीबीआई को सौंपने की तैयारी कर रही है। पुलिस को जांच में अहम सुराग मिले हैं। पुलिस ने ठगी के तार से विदेश से जुड़े होने की आशंका जताई है। ठगी के पीछे इंटरनेशनल गैंग का हाथ की बात सामने आ रही है। पुलिस ने राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा है। महिला प्रोफेसर श्रीजाता डे ने 17 फरवरी को झुंझुनूं साइबर थाना में 7.67 करोड़ रूपए की ठगी का मामला दर्ज करवाया था। मामला सामने आने के बाद पुलिस में हड़कंप मच गया था। ठगों ने 29 अक्टूबर 2023 को सुबह पहली बार महिला प्रोफेसर को फोन किया था। फोन करने वाले ने खुद को दूरसंचार विभाग का अधिकारी बताया था। साइबर क्राइम से जुड़ी हुई शिकायत प्राप्त होने की बात कही थी और कहा कि उनके नाम से जारी दूसरे मोबाइल नंबर का साइबर क्राइम में उपयोग लिया गया है। मुंबई पुलिस कार्रवाई करेगी। इसके तुरंत बाद नए नंबर से 4 बार फोन आया। इसके बाद कभी ईडी, मुम्बई क्राइम ब्रांच, सीबीआई बनकर कॉल किया और प्रोफेसर को डरा कर वीडियो कॉन्फ्रेंस पर बात की। फिर प्रोफेसर को डराकर स्काइप ऐप डाउनलोड करवाया। हर 2 घंटे में रिपोर्ट ली कि वह किन-किन से मिल रही हैं और कहां जा रही हैं। डिजिटल वैरिफिकेशन के नाम पर अपराधियों ने प्रोफेसर की पूरी संपत्ति अटैच करने की झूठी कहानी रची। प्रोफेसर ने खुद को बड़ी मुसीबत में मान आरोपियों के कहे अनुसार 29 अक्टूबर 2023 से 31 जनवरी 2024 तक 42 बार में 7.67 करोड़ रुपए विभिन्न खातों में जमा करा दिए। इसके लिए उन्होंने 80 लाख रुपए का बैंकों से लोन भी लिया। ठगों ने झांसा दिया कि सुप्रीम कोर्ट से मामला निस्तारित होते ही पूरी रकम वापस उनके खाते में आ जाएगी। वारदात का तरीका देख डीजी साइबर क्राइम रविप्रकाश मेहरड़ा ने इस फाइल को स्टेट लेवल के साइबर क्राइम थाने में भेजा। वहां अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोहेश चौधरी ने पड़ताल की। पड़ताल में करीब दो सौ बैंक खातों की जानकारी सामने आई है। साथ ही इंटरनेशनल गैंग का हाथ होने की आशंका है। ऐसे में इसकी जांच सीबीआई से कराने के लिए गृह विभाग को प्रस्ताव भेजा गया है।





## आरएलपी में दो फाड़, एक ने भाजपा प्रत्याशी को समर्थन किया

### दूसरे पक्ष ने कहा कि हम कांग्रेस प्रत्याशी के साथ

**बाड़मेर**

लोकसभा चुनाव के लिए मतदान शुरू होने के सिर्फ 12 घंटे ही बचे थे कि बाड़मेर की राजनीति में आरएलपी से जुड़े कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रत्याशी के साथ पत्रकार वार्ता कर भाजपा को समर्थन देने का ऐलान किया। इसके दो-तीन घंटे बाद आरएलपी के दूसरे गुट ने प्रेसवार्ता की और कहा कि आरएलपी की बाड़मेर इकाई कांग्रेस प्रत्याशी उम्मेदाराम के साथ है।इसी के साथ ही गुरुवार को आरएलपी दो धड़ों में बंटी नजर आई। आरएलपी के सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल ने एक दिन पूर्व ही जालोर में कांग्रेस प्रत्याशी की सभा के दौरान बाड़मेर लोकसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी को लेकर नाराजगी जताई थी और कहा था कि वो हर जगह कांग्रेस का समर्थन नहीं कर रहे हैं। कुछ लोगों ने आरएलपी को तोड़ने का काम किया है, ऐसे लोगों का हम समर्थन नहीं करेंगे। गुरुवार को आरएलपी जिला संयोजक गजेंद्र चौधरी ने कई कार्यकर्ताओं के साथ प्रेस वार्ता कर भाजपा प्रत्याशी कैलाश चौधरी को समर्थन देने का ऐलान किया है। चौधरी ने कहा कि राजस्थान में आरएलपी का इंडिया अलायंस से गठबंधन हुआ है, लेकिन बाड़मेर सीट पर कांग्रेस के बड़े नेता इस गठबंधन के विरोध में थे। इस वजह से हमारे कार्यकर्ताओं को तवज्जो नहीं दी जा रही है। आरएलपी के कार्यकर्ता चाह रहे थे कि हनुमान बेनीवाल की बाड़मेर में सभा करवाई जाए, लेकिन आरएलपी को तोड़ने वाले कुछ नेताओं ने हनुमान बेनीवाल की सभा नहीं होने दी। इससे आरएलपी के कार्यकर्ताओं में नाराजगी थी।



## महिला से छेड़खानी करने पर मनचले की हुई पिटाई, पिटाई के बाद भागा मनचला

**सवाई माधोपुर**

सवाई माधोपुर के पुराने शहर के गुरुद्वारे के पास एक मनचले को महिला से छेड़खानी करना भारी पड़ गया। जिसके चलते लोगों ने मनचले की पिटाई कर दी और घटना की जानकारी पुलिस को दी। जब तक पुलिस मौके पर पहुंचती, तब तक मनचला मौके से भागने में कामयाब हो गया। जिसके बाद महिला और उसका पति बजरंग दल व भाजपा के लोगों के साथ महिला थाने पहुंचे और घटना को लेकर रिपोर्ट दर्ज कराई। घटना के बाद बजरंग दल और भाजपा के कार्यकर्ता भाजपा जिला उपाध्यक्ष बलवीर सिंह और बजरंग दल के नगर अध्यक्ष नरेश सिंधी के नेतृत्व में महिला थाने पहुंचे। जिसके बाद महिला और उसके पति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

घटना के बाद बजरंग दल और भाजपा के कार्यकर्ता भाजपा जिला उपाध्यक्ष बलवीर सिंह और बजरंग दल के नगर अध्यक्ष नरेश सिंधी के नेतृत्व में महिला थाने पहुंचे। जिसके बाद महिला और उसके पति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पुराने शहर निवासी विवाहिता महिला ने बताया कि उसकी घर के नीचे उसकी एक किराने की दुकान है। जहां पर सद्दाम पुत्र कदीर निवासी राजबाग पिछले तीन चार दिन से उसकी दुकान पर आ रहा था। वह उसके मन्दिर और बाजार जाने के दौरान उसका पीछा करता है। आरोपी सद्दाम उस पर दोस्ती करने और सम्बन्ध बनाने के लिए लगातार परेशान कर रहा था। गुरुवार दोपहर को जब उसके पति घर पर ऊपर खाना खाने गए थे। इसी दौरान आरोपी दुकान पर आया और उसका हाथ पकड़ कर छेड़छाड़ करने लगा। जिसकी सूचना उसने पति को दी। जिसके आरोपी को पकड़ लिया और स्थानीय लोगों ने उसकी पिटाई कर दी। इसी दौरान आरोपी यहां से मौका पाकर फरार हो गया। सूचना पर बजरंग के कार्यकर्ता नगर अध्यक्ष नरेश सिंधी और भाजपा जिला उपाध्यक्ष बलवीर सिंह के नेतृत्व में महिला थाने पहुंचे। यहां पहुंचकर महिला के पति ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कराया। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरु कर दी है। फिलहाल पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।



## पूर्व विधायक को मारने की धमकी पर फूटा गुस्सा, बोले- धमकी देने के पीछे कोई बड़ी ताकत है

**बाड़मेर**

पूर्व विधायक एवं सीनियर कांग्रेस लीडर अमीन खान को धमकी देने मामले में लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। लोगों का आरोप है कि एक युवक को गिरफ्तार तो किया लेकिन इसके पीछे धमकी देने वाली गैंग का पुलिस ने अभी तक खुलासा नहीं किया। गुरुवार को आक्रोशित लोग गडरारोड उपखंड ऑफिस के आगे पहुंचे। एसडीएम को जिला निर्वाचन अधिकार के नाम का ज्ञापन सौंपा। स्थानीय निवासी रमेश माहेश्वरी का कहना है कि लोगों में क्रोध है समय रहते खुलासा नहीं किया तो गुस्सा विस्फोट का रूप ले सकता है। दरअसल, बाड़मेर जिले के शिव के 5 बार के विधायक अमीन खान को दो दिन पहले 23 जून को फेसबुक मैसेंजर पर जाने से मारने की धमकी मिली थी। पारस बी चौधरी की फेसबुक आईडी से मैसेजर पर धमकी भेजी गई। जिसमें लिखा था कि 26 जून से पहले काम तमाम, मौत की अग्रिम बधाई अमीन खान। रज्ञत, पारस चौधरी, राजू ठेहट ग्रुप, जीवन गोदारा डीडवाना। इसके बाद पूर्व विधायक अमीन खान ने एसपी बाड़मेर को फोन करके बताया। वहीं इसके भतीज चिनेसर खान एसपी ऑफिस पहुंचकर लिखित में शिकायत भी दर्ज करवाई है। इसके बाद पुलिस ने तुरंत आईटी सेल टीम को एक्टिव कर युवक को चिन्हित किया गया। युवक को गिरफ्तार कर लिया गया था। पुलिस ने युवक के पीछे कौन है इसका अभी तक खुलासा नहीं किया है। गुरुवार को आक्रोशित समर्थकों व लोगों ने गडरारोड में इकट्ठे हुए। वहां से गडरारोड एसडीएम ऑफिस पहुंचे। वहां पर जिला निर्वाचन अधिकारी के नाम का ज्ञापन एसडीएम को दिया।





स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक एवं संपादक रमाकांत गोस्वामी द्वारा महारानी प्रिन्टर्स, 17 मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड़ जयपुर छपवाकर/मुद्रित कर, पीपलेश्वर मंदिर के पीछे, नला मौहल्ला,दौसा (राजस्थान)-303303 से प्रकाशित किया। संपादक: रमाकान्त गोस्वामी, कार्यकारी संपादक भूपेंद्र कुमार शर्मा, स्थानीय संपादक: संजय लाटा (अवैतनिक) आरएनआई नं. RAJHIN/2012/43137, ब्रांच ऑफिस: 18k3, पंकज सिंघवी मार्ग, ज्योति नगर, जयपुर-302002, मो. नं. 7610866001, हैल्प लाईन नं.: 8946840063, ईमेल- tniawaz.news@gmail.com, Group of Sites- www.hpnews.in, www.right2action.in, www.jaipurtak.com, www.dharmjagran.com, www.hindustanpatrika.com, www.freedomathought.com, www.tniawaaz.in (* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तदायी), किसी भी वाद-विवाद से निपटने के लिए न्यायालय जयपुर मान्य होगा।